हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 जुलाई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा को कृषि व किसान कल्याण के क्षेत्र मे उल्लेखनीय कार्य करने के लिए नीति नेतृत्व यानी पॉलिसी लीडरशिप अवार्ड से नवाजा गया है।

केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कल देर शाम नई दिल्ली में आयोजित 16वें कृषि नेतृत्व सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यह सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि का श्रेय प्रदेश के कर्मठ और परिश्रमी किसानों को दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि खेती केवल व्यवसाय नहीं है, यह हमारी संस्कृति, हमारी आत्मा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 में विकसित भारत का जो संकल्प लिया है उसमें हरियाणा का अन्नदाता उसका एक प्रमुख स्तंभ है। एक विकसित, मजबूत और समृद्ध भारत तभी संभव होगा, जब हमारा किसान खुशहाल और आत्मनिर्भर बनेगा।

श्री नायब सिंह सैनी ने कृषि क्षेत्र में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने के विषय पर बोलते हुए कहा कि आज डिजीटल तकनीक ने खेती को बदल दिया है। आज किसान स्मार्ट खेती की ओर बढ़ रहे हैं। हरियाणा के प्रगतिशील किसान आज खेती में ड्रोन, रिमोट सेंसिंग, एआई और डिजिटल खेती जैसे नवाचारों को अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन तकनीक से अब खेतों में कीटनाशक एवं खादों का छिडक़ाव हो रहा है। फसल बीमा योजना की ऑनलाइन निगरानी हो रही है। ई नेम जैसे पोर्टल से किसानों को देशभर की मंडियों तक सीधी पहुंच मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का विजन आधुनिक तकनीक के माध्यम से हरियाणा की कृषि को आधुनिक, कुशल और भविष्य के लिए तैयार करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में स्टार्टअप्स और कृषि उद्यमिता को लेकर सार्थक पहल की हैं

मुख्यमंत्री ने बताया कि आज प्रदेश में भूमि रिकॉर्ड और फसल मूल्यांकन में भी ड्रोन का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, ड्रोन दीदी योजना के तहत 5 हजार महिलाओं को ड्रोन प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार हरियाणा की 108 मंडियों को ई नेम प्लेटफॉर्म से जोड़ा जा चुका है। इससे किसान अपनी उपज को राज्य या देश की किसी भी मंडी में बेच सकते हैं, जिसमें उन्हें बेहतर मूल्य मिलता है।

उन्होंने बताया कि किसानों को हर खेत-स्वस्थ खेत अभियान के तहत 90 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। वहीं किसानों को सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

उन्होंने कहा कि किसान से पराली न जलाने का सरकार ने आग्रह किया है, जो किसान पराली नहीं जला रहे उन किसानों को प्रति एकड़ पंद्रह सौ रुपये देने का काम सरकार ने किया है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने बताया कि आज हरियाणा एक मात्र राज्य है, जहां किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाती है। उन्होंने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर प्रदेश का हर किसान घर बैठे ऑनलाइन अपनी बोई गई फसल व खाली छोड़ी गई जमीन का विवरण डाल रहा है जिससे फसल बिकने के 48 घंटे के भीतर किसान को उसकी फसल का सारा पैसा उसके बैंक खाते में मिल जाता है।

************************************************************************

आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाये जाने वाला पर्व गुरु पूर्णिमा हरियाणा भर में पूरी श्रद्धा से मनाया जा रहा है।

पानीपत से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के विभिन्न विद्यालयों में हवन यज्ञ किये गए। विद्यार्थियों ने गुरुजनों का आर्शीवाद लिया और उपहार दिए।

शहर के आर्य स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम कर विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ पौधे लगाकर, पर्यावरण का संदेश दिया।

पानीपत के देवी मंदिर सुबह हवन कर व कीर्तन से लोगो के बेहतर जीवन की कामना की। शहर में दुकानदारों व धार्मिक संस्थाओं ने हवन यज्ञ कर भंडारे लगाए और मीठे पानी की छबीलें लगाई।

************************************************************************

अमरनाथ यात्रा कड़ी सुरक्षा और सभी प्रबंधों के बीच सुचारु ढंग से जारी है। यात्रा के लिए सात हजार तीन सौ सात तीर्थयात्रियों का एक और जत्था आज जम्मू स्थित भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में पांच हजार पांच सौ 34 पुरुष, एक हजार पांच सौ 86 महिलाएं, 25 बच्चे,

एक सौ 38 साधु और 24 साध्वियाँ शामिल हैं। इनमें से तीन हजार 81 तीर्थयात्री सुबह सवा तीन बजे बालटाल आधार शिविर और चार हजार दो सौ 26 तीर्थयात्री सुबह तीन बजकर 58 मिनट पर पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जहाँ से वे पवित्र अमरनाथ गुफा की आगे की यात्रा के लिए रवाना होंगे।

**********************************************************************

श्रावण मास में कल से शुरू होने जा रही कांवड़ यात्रा को लेकर हरियाणा में पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं।

कांवड़ यात्रा कल से 23 जुलाई यानी महाशिवरात्रि तक चलेगी। हरिद्वार, गौमुख, गंगोत्री जैसे पवित्र स्थलों से गंगाजल लेकर श्रद्धालु अपने गांवों, कस्बों और शहरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।

कांवडियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते फरीदाबाद पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें पुलिस उपायुक्त (यातायात) जयवीर सिंग राठी ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है, ताकि यात्रा शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो सके।

एडवाइजरी में फरीदाबाद से यात्रा पर जाने वाले सभी श्रद्धालुओं को सलाह दी गई है कि वे अपने व साथ जाने वाले साथियों और वाहनों की जानकारी मोबाइल नंबर सहित नजदीकी थाना या चौकी में पहले से लिखित रूप में दें, जिससे सुरक्षा व्यवस्था सुचारु रहे।

पुलिस ने सभी डाक कांवड़ यात्रियों को पहचान पत्र साथ रखने, DJ की आवाज नियंत्रित रखने, केवल चिन्हित मार्गों का उपयोग करने तथा सड़क पर कांवड़ या वाहन खड़ा न करने की सख्त हिदायत दी है।

सलाह दी गई है कि पैदल यात्री बाएं किनारे चलें और सड़क को बाधित न करें। जुगाड़ वाहनों का प्रयोग वर्जित किया गया है, और सभी से अपील की गई है कि वे वैध और सुरक्षित साधनों का उपयोग करें। रात के समय सड़क पर विश्राम न करें, केवल शिविरों या रैन बसेरों में ठहरें। अफवाहों से बचने और आपात स्थिति में डायल 112 या पुलिस कंट्रोल रूम के फोन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी गई है।

**********************************************************************